लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **तारा चन्द मीणा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/73/2021 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 04.06.2021
GCMS NO:- 2021/211

श्री शान्तिलाल पिता जगनाथ जी छीपा, बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 29.06.2021

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 05.04.2021 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 73/2021/(29.06)/425 दिनांक 04.06.2021 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 29.06.2021 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 29.06.2021 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/414 दिनांक 25.06.2021 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह कि प्रार्थी श्री शान्तिलाल छीपा, बालाजी नमकीन नाश्ता, सुभाष चौक, चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन अपील प्रकरण संख्या 73/2021 के साथ पत्रांक 425 दिनांक 04.06.2021 से इस कार्यालय में दिनांक 10.06.2021 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 1 से वांछित सूचना तहसील कार्यालय, चित्तौड़गढ़ से संबंधित है, जिसकी सूचना तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त करना अपेक्षित है। अतः बिन्दु संख्या 1 से वांछित सूचना तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर प्रार्थी को यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
3. यह कि प्रार्थी प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 2 एवं 3 से वांछित सूचना नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से प्रार्थना पत्र की प्रति इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/2806 दिनांक 14.06.2021 से आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ को अन्तरित कर, प्रार्थी को सूचना से अवगत कराया। (पत्र की प्रति संलग्न है।)
4. यह कि प्रार्थी को आवेदन पत्र से वांछित सूचना के संबंध में अवगत करा दिये जाने से अब इस प्रकरण पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं रहती है। अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/414 दिनांक 25.06.2021 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार बिन्दु संख्या 2 व 3 से वांछित सूचना आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 73/2021 (सू.अ.)
श्री शान्तिलाल छीपा निवासी चित्तौड़गढ़ बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपीलार्थी का आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 (3) के तहत अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2021/2806 दिनांक 14.06.2021 से आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ को स्थानान्तरित करते हुए उसकी सूचना अपीलार्थी को भी दे दी गई।

किन्तु बिन्दु संख्या 1 की सूचना तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त कर, अपीलार्थी को उपलब्ध कराने हेतु, लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा अतिरिक्त समय चाहा गया है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को बिन्दु संख्या 1 की सूचना अपीलार्थी को निः शुल्क उपलब्ध कराने तथा बिन्दु संख्या 2 व 3 की सूचना के संबंध में अपीलार्थी को आयुक्त, नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ से सम्पर्क कर, उक्त सूचना प्राप्त करने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

(तारा चन्द मीणा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./73/2021(सू.अ.)/485 दिनांकः— 29/06/2021

प्रतिलिपिः—

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री शान्तिलाल छीपा पिता जगनाथ जी छीपा बालाजी नमकीन, नाश्ता, सुभाष चौक, नीम के नीचे, चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

चित्तौड़गढ़ (राज.)